आईआईएम रांची के वार्षिक खेल और सांस्कृतिक उत्सव में कई संस्थानों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर दिखाई प्रतिभा

गीत-नृत्य के साथ युवाओं का जोश चढ़ा परवान

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची के वार्षिक खेल और सांस्कृतिक उत्सव 'रश 4.0' के दूसरे दिन रविवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं में एक्सएलआरआई, आईआईएम बोधगया, आरआईएमएस रांची, बीआईटी मेसरा, बीआईटी सिंदरी, आईसीएफएआई जैसे विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शेख भिखारी स्टेडियम में आयोजित इस उत्सव में एक तरफ खेलों प्रतियोगिताएं उत्साह और स्फूर्ति से लबरेज रहीं, तो दूसरी तरफ गीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुतियों में युवाओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, शाम होते ही गायक अर्जुन कानूनगो के लाइव परफॉर्मेंस ने युवाओं को जोश से भर दिया।

दूसरे दिन बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स और फुटबॉल के अलावा क्रिकेट मैच का फाइनल आईआईएम रांची और केआईआईटीएसओएम कॉलेज के बीच हुआ। आईआईएम बोधगया शतरंज में विजेता बना, जबकि आईआईएम रांची दूसरे स्थान पर रहा। कैरम के फाइनल में आईएमएस रांची ने आईआईएम रांची को हराया। केआईआईटीएसओएम ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर बैडमिंटन मेंस का फाइनल जीता। आईआईएम रांची टेबल टेनिस का विजेता बना।

रविवार को शेख भिखारी स्टेडियम में आयोजित आईआईएम रांची के वार्षिक खेल और सांस्कृतिक उत्सव में भाग लेते कलाकार।

नृत्य-संगीत के साथ ट्रेंड और फैशन

आईआईएम रांची की सांस्कृतिक समिति की ओर से नृत्य व संगीत समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स कॉलेज की श्रुति सेनापति ने पहला पुरस्कार जीता और आईआईएम रांची की रोशनी गजभिये रनर अप रहीं। वहीं, बीआईटी सिंदरी के उत्तम को तीसरा पुरस्कार मिला।

अर्जुन कानूनगो का लाइव परफार्मेंस

उत्सव की सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण थे गायक अर्जुन कानूनगो। उन्होंने अपने लोकप्रिय गीतों से युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। आया न तू...गीत के बोल पर युवाओं का उत्साह देखते ही बना। बॉलीवुड के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर अर्जुन ने युवाओं का दिल जीत लिया। सबसे प्रतीक्षित स्टार नाइट अर्जुन कानूनगो का अंत होगा जो विभिन्न गीतों पर अपने अद्भुत प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लेगा।

विभिन्न खेल प्रतियोगिता के ये रहे विजेता

सौ मीटर दौड़ : लक्ष्मीकांत (आईआई रांची)- प्रथम, बिष्णु (आईआईएम रांची)- द्वितीय, प्रथमेश- (आईआईएम रांची)- तृतीय। 200 मीटर दौड़ : लक्ष्मीकांत (आईआईएम रांची)- प्रथम, सौरव (रिम्स)- द्वितीय, विष्णु (आईआईएम रांची)- तृतीय। 400 मीटर दौड़ : विष्णु (आईआईएम रांची)- प्रथम, प्रथमेश (आईआईएम रांची)- द्वितीय, विनोद (आईआईएम रांची)- तृतीय। लंबी कूद : प्रथमेश (आईआईएम रांची)- प्रथम, लक्ष्मीकांत (आईआईएम रांची)- द्वितीय, विष्णु (आईआईएम रांची)- तृतीय। भाला फेंक : लक्ष्मी (आईआईएम रांची)- प्रथम, मनु (आईआईएम रांची)- द्वितीय, अखिल (आईआईएम रांची)- तृतीय। 1500 मीटर : कार्तिक (आईआईएम रांची)- प्रथम, संतोष सक्सेना (रिम्स)- द्वितीय, विष्णु (आईआईएम रांची)- तृतीय।